संख्या-479/आई/102838/2021/41-1090/81/2021-11(बजट-के0यो0)/2019

प्रेषक,

संजीव कुमार श्रीवास्तव
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ, दिनांक 01 अक्टूबर, 2021**

विषय- पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रासाद योजना के अन्तर्गत गोवर्धन के समेकित पर्यटन विकास योजना हेतु कार्यदायी संस्था-मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण को देय जी0एस0टी0 की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-1968/मिस0-118 दिनांक 13 अगस्त 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से मुख्य लेखाधिकारी मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण मथुरा के पत्रांक-705/म0वृ0वि0प्रा0/2020-2021 दिनांक 27-3-2021 के क्रम में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की प्रासाद योजना के अन्तर्गत गोवर्धन के समेकित पर्यटन विकास योजना हेतु कार्यदायी संस्था-मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण को देय जी0एस0टी0 की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध निम्नांकित ऐजेन्सीवार विवरण प्रस्तुत किया गया है:-

क्र0	कार्य का नाम	ऐजेन्सी	बिल की कुल धनराशि	जी0एस0टी0 की धनराशि
1	गोवर्धन बस स्टैण्ड के पुनर्विकास के अन्तर्गत कार स्टैण्ड ब्लाक क्लॉक रूम टायलेट आदि का निर्माण /विकास कार्य	मे0पुण्डरीकाक्ष डेवलपर्स प्रा0लि0	80724636.44	9686956.38
2	जेनरेटर विद्युत एवं फायर फाइटिंग का कार्य	मे0 कृष्णा रेफ्रीजरेशन	8583130.42	1029975.66
3	लिफ्ट का कार्य	मे0 ओरिस एलीवेटर	2994000.00	359280.00
4	गोवर्धन परिक्रमा मार्ग सी0सी0टी0वी0 कैमरे पी0ए0सिस्टम एवं वाई फाई सिस्टम की आपूर्ति व स्थापना का कार्य	मे0 मुमेण्टम टैक्सिस प्रा0लि0	4192984.00	503158.08
5	गोवर्धन स्थित कुसुम सरोवर की फसाड लाइटिंग का कार्य	मे0 ईगल एण्टरप्राइजेज	32800000.00	3936000.00
6	गोवर्धन चन्द्र सरोवर परिसर में टायलेट ब्लाक पाथवे पार्किंग बाउण्ड्रीवाल व लैण्ड स्केपिंग आदि का निर्माण व विकास कार्य	मे0 वीजा इंजी0 एण्ड प्रमोटर प्रा0लि0	19318720.77	2318246.02
7	गोवर्धन में मानसी गंगा में तीर्थ	मे0 सतेन्द्र प्रताप	8226684.00	987202.08

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

	यात्री सुविधा केन्द्र एवं अन्य विकास कार्य			
8	गोवर्धन में परिक्रमा मार्ग पर स्ट्रीट फर्नीचर डस्टबिन की आपूर्ति एवं स्थलीय सूचना हेतु बोर्ड आदि लगाने के संबंध में	मे0 सतेन्द्र प्रताप	3007040.00	360844.80
9	आर्किटेक्चरल कन्सलटेन्सी	मे0 डिजाइन एसोसियेट आईएनसी	2608375.29	469507.56
कुल योग			162455570.92	19651170.58

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उल्लिखित प्रस्ताव के क्रम में जी0एस0टी0 मद में भुगतान हेतु रू0 19651170.58 (रूपये एक करोड छियानवे लाख इक्यावन हजार एक सौ सत्तर मात्र) को सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराये जाने हेतु आपके निर्वतन पर रखे जाने की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(1) **सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को जी0एस0टी0 की धनराशि का भुगतान वास्तविक रूप से जमा की गयी धनराशि की प्रामाणिक रूप से पुष्टि करने के पश्चात ही उपलब्ध कराया जायेगा एवं शासन को इसका विवरण सक्षम स्तर से प्रमाणित करते हुए उपलब्ध कराया जायेगा।**

(2) **यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजना के कार्य के आगणन में जी0एस0टी0 सम्मिलित नहीं है। यदि आगणन दिनांक 01 जुलाई 2017 के पूर्व गठित है तो जी0एस0टी0 का भुगतान करते समय वैट आदि के रूप में सम्मिलित धनराशि का समायोजन सुनिश्चित कर लिया जायेगा।**

(3) **उपर्युक्त स्वीकृत प्रायोजना हेतु जी0एस0टी0 की देयता का भुगतान किये जाने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि कार्यदायी संस्था द्वारा स्वीकृत कार्यो का क्रियान्वयन भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है तथा कराये जा रहे कार्यों में निर्धारित गुणवत्ता एवं मानकों का पूर्ण अनुपालन किया जा रहा है।**

3- उक्त प्रस्तर-2 में आपके निवर्तन पर व्यय हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि रू0 19651170.58 (रूपये एक करोड छियानवे लाख इक्यावन हजार एक सौ सत्तर मात्र) का वहन चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-44 के लेखाशीर्ष-5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-01-केन्द्र प्रायोजित योजनाएं-0109-प्रासाद स्कीम के अन्तर्गत पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का सृजन-24-वृहत निर्माण कार्य की मद में उपलब्ध धनराशि के नामे डाला जायेगा।

भवदीय

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव ।

<u>संख्या-479/2021/2373/41-2021-11(बजट-के0यो0)/2019 दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/ द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- सचिव, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- मण्डलायुक्त, आगरा मण्डल।
5- जिलाधिकारी, मथुरा।
6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ/वरिष्ठ कोषाधिकारी ,मथुरा।
7- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8- वित्त (व्यय) नियंत्रण अनुभाग-1/2 ।
9- वित्त (व्यय) नियंत्रण अनुभाग-7।
10- उप निदेशक, पर्यटन विभाग,आगरा मण्डल उ0प्र0।
11- मुख्य लेखाधिकारी मथुरा पृन्दावन विकास प्राधिकरण मथुरा ।
12- वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग।
13- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।